





## एक नजर में

### नगर कीर्तन का हुआ भव्य स्वागत

**मंडलेश्वर।** गुरुनानक देव जी के जन्म दिन पर नगर में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। स्थानीय गुरुद्वारा साहब से रविवार की शाम निकले नगर कीर्तन में मंडलेश्वर महेश्वर धामनोद और भूदरी की संगतों ने भाग लिया। सबसे आगे हाथ में कृपाण लेकर पंज प्यारे चल रहे थे उसके पीछे बाबाजी की पालकी उसके पीछे कार पर गुरुदेव का बड़ा चित्र लगा हुआ था अंत में चार संगत भजन कीर्तन करते हुए चल रही थी नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहब से सब्जी बाजार बस स्टैंड पहुंचा जहां नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे और पार्षदों द्वारा नगर कीर्तन पर पुष्पवर्षा की गई। खेड़ापति हनुमान भक्त मंडल द्वारा भी स्वागत किया गया। विधायक भवन पर मनोज शर्मा नितिन पाटीदार और कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। नगर कीर्तन बस स्टैंड से एम जी रोड घंटाघर वाचनालय स्कूल ग्राउंड होता वापस मसीह रोड स्थित गुरुद्वारा साहब में पहुंचा। जहां शबद कीर्तन के बाद नगर कीर्तन का समापन हुआ।




### सफाई मित्र कार्यशाला का सफल आयोजन



**बड़वाह।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) एवं नमस्ते इंडिया अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बड़वाह द्वारा सोमवार, 3 नवम्बर 2025 को सफाई मित्र कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों को सेप्टिक टैंक एवं सीवर नेटवर्क में कार्य करते समय सुरक्षा उपायों, आधुनिक तकनीकों और सावधानियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में कोर स्किल टेक सॉल्यूशन्स दिल्ली से आए प्रशिक्षक श्री उमेश सिंह ने विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सफाई मित्रों को बताया कि सेप्टिक टैंक और सीवर की सफाई के दौरान सुरक्षा उपकरणों (Safety Gears) का उपयोग कितना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने गैस डिटेक्शन, ऑक्सीजन लेवल मॉनिटरिंग, और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (PPE Kit) के सही उपयोग की जानकारी भी दी। श्री सिंह ने यह भी बताया कि अब शासन द्वारा सफाई कार्य को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने के लिए कई नीतियां लागू की गई हैं। इस कार्यशाला के माध्यम से सफाई मित्रों को शासन की 'सफाई मित्र सुरक्षा चुनौती योजना' और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे वे अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग रह सकें। कार्यशाला में नगर परिषद अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री कुलदीप किन्शुक तथा स्वास्थ्य अधिकारी श्री प्रकाश चित्ते श्री कैलाश जयसवाल श्री मोनू वर्मा श्री निखिल वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ

**बिस्टान नि प्र।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित अर्धवार्षिक परीक्षा आज से प्रारंभ हो गई है। कक्षा 9वी में सामाजिक विज्ञान का प्रश्न पत्र था वही कक्षा दसवीं में विज्ञान का तथा 11वीं में हिंदी तथा 12वीं में भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र एवं पशुपालन का प्रश्न पत्र था। प्रश्न पत्र पूरी तरह से वार्षिक परीक्षा के पैटर्न पर ही पूछे जा रहे हैं। प्रश्न पत्र को पूर्णत गोपनीयता के साथ थाने में बंद पेटियों में रखे गए हैं, परीक्षा के दिन विषय का प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र तक लाते हैं। कुकडोल हायर सेकेंडरी में परीक्षा देते विद्यार्थी।



### विद्युत विभाग नई भर्ती में संविदा और आउटसोर्स कर्मी को मिले 50 प्रतिशत आरक्षण

**खरगोन।** मप्र विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रांतीय पदाधिकारियों कि बैठक गत दिनों रतलाम में आयोजित हुई। बैठक में अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष बीडी गौतम ने की। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने विभाग में होने वाली नई भर्तियों में संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को अनुभव के आधार पर 50 प्रतिशत बोनस पाइंट देने, फ्रिंज बेनिफिट शीघ्र संशोधित करने, कंपनी कैडर को बिजली बिल में छूट प्रदान करने जैसी मांगों का प्रस्ताव रखा, जिस पर सर्व सहमति से सहमति जताई गई। प्रांतीय महामंत्री डीएस चंद्रावत ने संगठन द्वारा विगत एक वर्ष में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में खरगोन से शामिल हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष गजेंद्र गीते, अतिद्र मोहन वर्मा क्षेत्रिय सचिव, केके पुरोहित ने बताया कि नियमित और पेंशनर्स को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के अनुरूप 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं राहत भुगतान करने हेतु शीघ्र आदेश जारी करने, पेंशनर्स को 49(6) कि बाध्यता समाप्त करने सहित अन्य मांगों पर भी निर्णय लेकर आगामी दिनों में शासन- प्रशासन स्तर पर इन मांगों को पुरा करने का निर्णय लिया गया। उक्त जानकारी संगठन के एसएफ खान ने दी।



### पीजी कॉलेज परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**खरगोन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक और शिक्षा के प्रतीक भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण, जनभागीदारी समिति सदस्य एवं अध्यक्ष तथा विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष हर विद्यार्थी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा के बल पर समाज को नई दिशा दी। यह प्रतिमा न केवल श्रद्धांजलि का प्रतीक है, बल्कि विद्यार्थियों में समानता, अनुशासन और शिक्षा के महत्व को उजागर करने का माध्यम भी बनेगी।

### पीजी कॉलेज में 4 नवंबर को महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिताएं

**खरगोन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, खरगोन में 04 नवंबर को महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा, कला, साहित्य और संस्कृति को एक मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. डी.एस. बामनिया ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के छात्र-छात्राएं इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। युवा उत्सव के अंतर्गत चित्रकला (On the Spot Painting), कोलॉज, क्ले मॉडलिंग, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, प्रश्न मंच, वाद-विवाद एवं परिचर्चा, गायन, नृत्य तथा नाटक शामिल हैं। ये सभी प्रतियोगिताएँ कॉलेज परिसर में विभिन्न स्थलों पर आयोजित की जाएँगी। कार्यक्रम के मीडिया नोडल अधिकारी डॉ. गणेश पाटिल ने बताया कि विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, उत्कृष्ट प्रतिभागियों को जिला स्तरीय युवा उत्सव में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी मिलेगा।




# गौरव दिवस और निमाड़ उत्सव के आयोजन के संबंध में दिए निर्देश

## विशेष गहन पुनरीक्षण को गंभीरता से लें अधिकारी , कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 15 नवंबर को किया जाना है, इसके पूर्व 15 नवंबर तक जनजातीय योजनाओं से संबंधित भूमिपूजन और लोकार्पण, हितग्राही-मूलक योजनाओं में हितलाभ वितरण, जनजातीय लोककला, पाककला, हस्तकला का प्रदर्शन, स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता रैली और रथ यात्रा, विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया जाना है। निमाड़ उत्सव का आयोजन महेश्वर के किला घाट पर 11 से 13 नवंबर के बीच किया जाना है। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को इन आयोजनों के संबंध में समयसीमा बैठक में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2003 के बाद दो दशकों के अंतराल के बाद किया जा रहा है, इसलिए यह कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है और सभी अधिकारी इससे संबंधित कार्यों को गंभीरता से करें। उन्होंने कहा कि यदि पुनरीक्षण का कार्य ठीक से नहीं किया जाएगा तो नागरिकों के बीच असंतोष फैलेगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक नागरिकों और उनके वंश की मैपिंग पिछली पुनरीक्षण सूची से कर सुनिश्चित किया जाए कि कम से कम नोटिस जारी हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीएलओ को गणना चरण के दौरान किसी भी प्रकार का दस्तावेज नहीं लेना है। बीएलओ द्वारा वंशज ढूंढने में रोजगार सहायक और पंचायत सचिव की मदद ली जा सकती है, तथा गणना पत्रक भरने में मदद के लिए आरडब्लूए सदस्य, एनसीसी या एनएसएस को वालंटियर के रूप से जोड़ा जा सकता है। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने बीएलओ के साथ प्रति सप्ताह बैठक कर पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा करें और पुनरीक्षण कार्य से अनुपस्थित रहने वाले शासकीय सेवक को तत्काल नोटिस दें। उन्होंने महिला बाल विकास, जनजातीय कार्य और शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि वे अपने मैदानी अमले को निर्वाचन आयोग के आवश्यक दिशा निर्देशों से अवगत कराएं। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान भी विभागों का फोकस सीएम हेल्पलाइन शिकायतों से हटे नहीं, विशेषकर वे शिकायतें जो 100 दिवस से अधिक लंबित हैं। उन्होंने नगरीय और पंचायत निकाय, राजस्व, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, वन, खनिज, ऊर्जा, पशुपालन, उद्यानिकी, लोक सेवा, महिला बाल विकास, जल संसाधन, सामाजिक न्याय, कोषालय, मत्स्य, खाद्य, श्रम, जनजातीय कार्य सहित अन्य विभागों की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागों को 85% निराकरण प्रतिशत प्राप्त करना है, नॉन-अटेंडेंट शिकायतों पर नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ने बैठक में कलेक्टर कॉन्फ्रेंस से संबंधित विषयों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने नर्मदा परिक्रमा यात्रा के संबंध में लंबित कार्यों और पंजीकृत कपास किसानों के लंबित सत्यापन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, सहायक कलेक्टर श्री जामदार फरहान इरफान, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार अगास्त्या, श्री अनिल जैन, एसडीएम श्री वीरेन्द्र कुमार कटारे सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।



## कपास खरीदी नहीं होने से किसानों ने किया हंगामा,मंडी गेट पर बांधे बैल



**कसरावद निप्र।** सोमवार को कसरावद मंडी में सीसीआई द्वारा कपास खरीदी नहीं किए जाने से नाराज किसानों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने मंडी गेट के सामने बैल बांधकर अपना रोष व्यक्त किया। किसानों का कहना था कि उनकी कपास पूरी तरह सूखी है और उसमें कोई नमी नहीं है, फिर भी सीसीआई अधिकारी खरीद से इंकार कर रहे हैं। अधिकारियों का तर्क था कि किसानों की कपास में 13 से 18 प्रतिशत तक नमी पाई जा रही है, जबकि सीसीआई केवल 8से 11 प्रतिशत नमी वाली कपास ही खरीद रही है। मंडी सचिव एम.एस. चौहान ने बताया कि सोमवार को लगभग 15 ट्रैक्टर और एक बैलगाड़ी कपास लेकर किसान मंडी पहुंचे। कपास खरीद केंद्र प्रभारी और सीसीआई अधिकारी मौके पर पहुंचे और नमी की जांच की। जांच में 8 से 12 प्रतिशत नमी वाली कपास खरीदी गई, जिसमें से पाँच वाहनों की कपास सीसीआई ने खरीदी। इसके बाद सीसीआई अधिकारी मंडी के पीछे के गौट से चले गए वहीं 13 से 18 प्रतिशत नमी वाली कपास खरीदने से इनकार किया गया। सीसीआई द्वारा 8 से 12 प्रतिशत नमी वाली कपास का भाव 7690 प्रति क्विंटल तथा 8 प्रतिशत नमी वाली कपास का भाव 7850 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी कपास को पूरी तरह सुखाकर लाएँ, जिससे खरीदी में कोई दिक्कत न आए।

## भगवान श्री खाटू श्याम जी के जन्म उत्सव पर भव्य भजन संध्या का आयोजन



**मंडलेश्वर।** देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर भगवान श्री खाटूश्याम जी के जन्मोत्सव पर रविवार रात्रि में स्कूल ग्राउंड मैदान में भव्य भजन संध्या का आयोजन श्री श्याम सेवा समिति द्वारा रखा गया वही शुक्रवार एकादशी की रात्रि 12 बजे श्री खाटू श्याम जी के भक्तों ने स्थानीय बस स्टैंड पर बाबा के भजनों की धुन,आतिशबाजी और ढोल ताशे की ताल पर बाबा श्री खाटू श्याम जी का जन्म दिवस पूजन कर, मिल्क केक काटकर और भक्तों द्वारा बाबा की सामूहिक आरती कर मनाया गया। रविवार रात 9 :00 बजे से स्कूल ग्राउंड मैदान में बाबा श्री श्याम प्रेमियों का भव्य जमावड़ा लगा जहां भव्य भजन संध्या में उज्जैन की भजन गायिका अक्षिता राजपूत और जयपुर के गायक अमित नामा, गायक पारस क्षिपा, पंडित मोहित शर्मा के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। भजनों की धुन पर श्याम प्रेमी खूब नाचे थिरके 'हारे का सहारा बाबा श्री श्याम हमारा' की जय जय कार से भजन पांडाल गूंज उठा देर रात तक भजन सध्या का श्याम प्रेमियों ने आनंद लिया भजनों के पूर्व श्री खाटूश्याम जी का आकर्षक और मनमोहक भव्य सुंदर श्रृंगार किया गया जिसके बाद बाबा का दरबार सजाया पश्चात भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए भजन संध्या के दौरान भक्तों पर पुष्प वर्षा, इत्र की वर्षा की गई समिति द्वारा भव्य आतिशबाजी भी की गई।श्री श्याम सेवा समिति ने इस वर्ष महिला मंडल की समिति बनाई महिला मंडली समिति के द्वारा भजन संध्या के दौरान बाबा श्री खाटू श्याम जी का केक काटकर जन्म दिवस मनाया गया है महिला मंडल की सभी महिलाओं ने लाल रंग के वस्त्र पहनकर बाबा का जन्मदिन मनाया।

## 91 फीट ऊंचे शिखर पर बदला निशान साहब का चोला, गूंजा जो बोले सो निहाल का जयघोष



**खरगोन।** श्री गुरुद्वारा साहिब में जगदगुरु श्री गुरुनानक देवजी के 556वें प्रकाशोत्सव के तहत निमित्त सोमवार निशान साहिब का चोला बदलने की सेवा की गई। सभा के प्रधान हरचरण सिंह भाटिया, सेक्रेरी कमलजीत सिंह गांधी ने बताया कि निमाड़ की सबसे बड़ी 91 फिट ऊंची धर्म ध्वजा जो निशान साहिब के रूप में गुरुद्वारा साहिब में स्थापित है, उसका चोला बदलने की सेवा की गई। जसबीर सिंह भाटिया, सेवादार संतोष सिंह ने सेवा निभाई। इसके बाद श्री अखंड पाठ साहिब की आरंभता हुई, जिसकी सेवा सरदार परविंदर सिंह चावला परिवार ने की। सभा के मीतप्रधान मनवीर सिंह भाटिया, खजांची गुरुभजन सिंह भाटिया ने बताया कि मंगलवार को गुरुद्वारा साहिब से दोपहर 2.30 बजे पंज प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला जाएगा। श्री गुरुग्रंथ साहिबजी भव्य सुसज्जित पालकी साहिब में विराजित होकर नगर भ्रमण करेंगे।

## देवउठनी एकादशी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया



**बिस्टान निप्र।** नगर में शनिवार को देवउठनी एकादशी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों और घरों में भक्ति का माहौल बना रहा। शाम ढलते ही नगर वासी आतिशबाजी कर उल्लासपूर्वक पर्व का स्वागत करते नजर आए। शुभ मुहूर्त में घर-घर के आंगनों में ज्वार और गन्ने के मंडप सजाए गए। श्रद्धालुओ ने तुलसी माता और भगवान शालिग्राम को स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की उठो देव घंटाल बाजी के जयघोष के बीच तुलसी शालिग्राम का विवाह हुआ। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और परिवारजनों ने भक्ति भाव से आरती उतारी। इस अवसर पर आंवला, सवला, बोर और भाजी का विशेष प्रसाद तैयार कर देवों को अर्पित किया गया। इसी तरह पार्षद राजेश मंडलोई के निवास पर भी तुलसी माता शालिग्राम का विवाह हुआ। इस अवसर पर परिवारजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार और रविवार दोनों दिन भक्तिमय माहौल रहा। इस मौके पर आतिशबाजी कर उल्लासपूर्वक पर्व मनाया।

## 9 से कालाखेत में होगी शिव पुराण, कथास्थल का किया पूजन



**खरगोन।** शहर के मोतीपुरा मार्ग स्थित कालाखेत में 9 नवंबर से शिव भक्ति की बयार बहेगी। यहां 7 दिवसीय शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा शुरुआत पूर्व यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान किशोर रघुवंशी ने सपत्निक पूजन किया। प्रसिद्ध कथावाचक संत श्री 108 से श्यामदास महाराज ने कथास्थल पर पूजन कर ध्वजारोहण किया। कथा 9 से 15 नवंबर तक होगी। इसकी शुरुआत कलश यात्रा के साथ होगी। 14 नवंबर को रुद्राक्ष वितरण और 15 को भंडारा प्रसादी के साथ कथा को विराम दिया जाएगा। आयोजन समिति ने कथा को लेकर व्यापक तैयारियां की है। प्रचार-प्रसार के साथ विशाल पांडाल की तैयारियां की जा रही है।

## ठेकेदार द्वारा ढाबों पर पहुंचाई जा रही अवैध शराब का खुलासा



**कसरावद।** सोमवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से ढाबों पर सप्लाई की जा रही शराब पकड़ी। पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ ढाबों पर गैरकानूनी तरीके से शराब पहुँचाई जा रही है। इसी सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम को सूचना मिलने के दौरान एक बाइक सवार युवक को रोका। तलाशी में उसके पास से दो पेटी बीयर और अन्य प्रकार की अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर ही पंचनामा तैयार कर बाइक और शराब जब्त की तथा आरोपी को थाने लाकर पूछताछ शुरू की। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उक्त शराब ठेकेदार के इशारे पर ढाबों तक पहुंचाई जा रही थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।


## एक नजर में

### उपाध्याय विश्रुत सागर जी ने प्रात: किया केशलोच, मुनिराजों ने अर्पित की विनयांजलि

# सनावद में धूमधाम से मनाया गणाचार्य विराग सागर जी का आचार्य पदारोहण दिवस

नवभारत न्यूज़

**सनावद।** तप, साधना और त्याग की नगरी सनावद में रविवार को गणाचार्य समाधि सम्राट आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज का 33वां आचार्य पदारोहण दिवस बड़े भक्ति भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्तिक सुदी 13 को आयोजित इस धार्मिक उत्सव में उपाध्याय मुनि श्री विश्रुत सागर जी महाराज (पद विहाररत) तथा चातुर्मासरत मुनि श्री विश्वसुर्य सागर जी एवं मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ।



**पंचामृत अभिषेक और शांतिधारा:-** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर तथा आचार्य शांतिसागर वर्धमान देशना संत निलय में पंचामृत अभिषेक का सौभाग्य सुधीर कुमार-प्रशांत कुमार चौधरी परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं शांतिधारा का पुनीत कार्य श्रीकांत जटाले परिवार ने संपन्न किया।

**आचार्य छत्तीसी विधान:-** उपाध्याय श्री विश्रुत सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में आचार्य छत्तीसी विधान रचाया गया। इस दौरान प्रत्येक अर्घ्य का विशेष महत्व समझाते हुए कुल 36 अर्घ्य समर्पित किए गए।

**पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट:-** उपाध्याय विश्रुत सागर जी के पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य खुशकवर बाई सुरेश चंद पांड्या (अमर ज्योति बस परिवार) को मिला।

मुनि निर्वेद सागर जी को शास्त्र भेंट: विपिन कुमार-संजय कुमार बदूद परिवार मुनि साध्य सागर जी को: विशाल वैभव सराफ परिवार मुनि विश्वसुर्य सागर जी को: विशाल कुमार-बारिश कुमार बदूद परिवार

मुनिराजों की श्रद्धांजलि विराजमान मुनि निर्वेद सागर, साध्य सागर एवं विश्वसुर्य सागर जी ने अपने गुरु के प्रति भावपूर्ण विनयांजलि अर्पित की।

### उपाध्याय विश्रुत सागर जी का उद्बोधन

**उपाध्याय श्री ने अपने गुरु को याद करते हुए कहा :-** आचार्य श्री विराग सागर जी ने सभी मुनिराजों को आनंद और वात्सल्य के साथ रहना सिखाया। इस युग में प्रतिक्रमण करवाने वाले एकमात्र आचार्य परमेष्ठी थे। प्राचीन परंपराओं का पुनरुद्धार कर संघ को एकजुट किया। छोटे से छोटे और बड़े से बड़े दीक्षार्थी पर उपकार किया। बुजुर्गों के सच्चे देवता थे। अंत में समाधि मरण, आचार्य पद त्याग और संघ व्यवस्था का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया।

**भक्ति भजन :-** प्रशांत चौधरी, कमल केके, ब्रह्मचारी पारस भैया, अर्पित भैया ने सुमधुर भजनों से सभागार को भक्तिमय कर दिया।

**प्रात : मंगल बेला में हुआ केशलोच :-** इसी मंगल अवसर पर उपाध्याय श्री विश्रुत सागर जी महाराज ने प्रात :काल केशलोंच किया। सन्मति जैन काका ने बताया कि दिगंबर मुनि परिग्रह रहित होते हैं और केवल मयूर पिंछी रखते हैं। स्वावलंबी होने के कारण वे हाथों से ही बाल नोंचकर उखाड़ते हैं। यह 22 परिषहों में से एक है तथा 28 मूलगुणों का पालन करता है। केशलोच से जीव हिंसा के प्रायश्चित स्वरूप मुनि उस दिन निराहार उपवास भी रखते हैं। 'दिगंबर मुनि अहिंसा की जीवंत मूर्ति हैं, जो न स्वयं भय रखते हैं, न दूसरों को भय देते हैं।